हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार, मार्च 27, 2024

तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

10 तृतीय हरियाणा राज्य जूनियर हैंडबाल प्रतियोगिता हुई संपन्न



11 केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में सड़कों पर आप कार्यकर्ता



शिक्षा व संस्कार का समावेश ईफा अकैडमी

IIT-JEE/NEET व 10+1, 10+2 (Med/Non-Med) के बच्चों को अब भटकने की जरूरत नहीं है क्योंकि ईफा एक ऐसी संस्था है जो सैकड़ो बच्चों को डॉक्टर वह इंजीनियर बना चुकी है। ईफा अकैडमी में अनुभवी मैनेजमेंट है और दिल्ली व कोटा के अनुभवी अध्यापकों द्वारा तैयारी करवाई जाती है। यही कारण है कि ईफा एकेडमी आज विश्वसनीयता का प्रतीक बन चुकी है। अगर आप भी डॉक्टर व इंजीनियर बनना चाहते हैं या तैयारी की सोच रहे हैं तो कहीं भी एडमिशन लेने से पहले ईफा अकैडमी द्वारा शुरू की जा रही 7 दिनों की फ्री ट्रायल क्लास जरूर करें।

10+1 व 10+2 का BATCH 27 मार्च से शुरू हो रहा है

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें -

EFA Academy, SCF-25, Near Jat Dharmshala, U/E, Jind

9996004625, 9315366265

## खबर संक्षेप

### विवाहिता दो बच्चों सहित हुई लापता

**कैथल।** जिले के एक गांव से 23 वर्षीय विवाहिता अपने दो बच्चों सहित लापता हो गई। इस संबंध में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। एक युवक ने पुलिस को शिकायत दी कि 23 मार्च को दोपहर के समय उसकी 23 वर्षीय पत्नी अचानक कहीं चली गई। वह अपने साथ साढ़े तीन साल की बेटी और डेढ़ साल के बेटे को भी ले गई। जांच अधिकारी ईश्म सिंह ने बताया कि पुलिस ने लापता का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रामसर पार्क से युवक का शव बरामद

**सफीदों।** नगर के रामसर पार्क में एक युवक का शव पड़ा हुआ मिला। मामले की सूचना सफीदों पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर नगर के नागरिक अस्पताल पहुंचाया। मिली जानकारी के अनुसार नगर के रामसर पार्क में किसी ने एक शव पड़ा हुआ दिखाई पड़ा। उसने इसकी सूचना आसपास के लोगों व पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर नगर के नागरिक अस्पताल में शिनाख्त के लिए रखवाया।

### घर से सामने से ट्राली चोरी, दी तहरीर

**कैथल।** गांव अरनौली में चोर एक किसान की ट्राली चोरी कर ले गए। चीका पुलिस को दी शिकायत में गांव निवासी सुखदेव सिंह ने आरोप लगाया कि 22 मार्च को रात के समय अज्ञात आरोपी उसके घर से सामने से उसकी ट्राली चोरी कर ले गए। ट्राली की कीमत 65 हजार रुपये है। जांच अधिकारी बलवीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दिल का दौरा पड़ने से 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**अलेवा।** गांव बधाना में सोमवार को एक लगभग चालीस वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतू जींद के नागरिक अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने मंगलवार को मृतक व्यक्ति के चाचा के ब्यान दर्जकर मामले में इतफ ाकिया कार्रवाई की है। पुलिस को दिए ब्यान में बधाना निवासी कृष्ण ने बताया कि सोमवार को लगभग 40 वर्षीय भतीजे सतीश की छाती में अचानक दर्द हो गया।



### छात्रों को दिलाई नशा न करने की शपथ

**जींद।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के दिशा-निर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के आदेशानुसार हरियाणा में नशे के विरुद्ध कठोर से कठोर कदम उठाए जा रहे हैं। इस कड़ी में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डा. अशोक कुमार वर्मा नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। वे मंगलवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उचाना में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया।

हादसे का पता चलते ही मौके की और दौड़े परिजन

# अलग-अलग हादसों में महिला समेत तीन की मौत, एक घायल

पुलिस ने मृतकों के परिजनों की शिकायतों पर फरार चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी

**हादसा 1**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि एक घायल हो गया। संबंधित थाना पुलिस ने मृतकों के परिजनों की शिकायतों पर फरार चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव शामलो कलां निवासी सुरेश अपनी मां ओमपति को बाइक पर लेकर गांव देशखेड़ा मंदिर में पूजा अर्चना के लिए गया हुआ था। वापसी के दौरान जब वे सुंदर ब्रांच नहर पर पहुंचे तो तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों मां-बेटे को चोटें आई। चालक गाड़ी को मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। राहगीरों ने दोनों को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने ओमपति को मृत घोषित कर दिया। जुलाना थाना पुलिस ने मृतका के बेटे सुरेश की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



26 जे 13 मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन।

### अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, स्कूटी सवार की मौत

**हादसा 2**

जोगेंद्र नगर में गांव कंडेला निवासी सुखदेव टेलर का कार्य करता था। बीती रात वह स्कूटी लेकर पटियाला चौक पर आ रहा था। उसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें सुखदेव गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने उसे नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। शहर थाना पुलिस ने मृतक के भाई राजेश की शिकायत पर फरार अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**हादसा 3**

### थार गाड़ी ने मारी टक्कर युवक की मौत

गांव बीबीपुर निवासी रविंद्र (19) दोपहर से जलघर से पानी लेने के लिए जींद-भिवानी मार्ग को पार कर रही था। उसी दौरान तेज रफ्तार थार गाड़ी ने रविंद्र को टक्कर मार दी। जिसमें रविंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक अपनी गाड़ी समेत मौके से फरार हो गया। गंभीर हालात में रविंद्र को पहले नागरिक अस्पताल तथा बाद में हिसार ले जाया गया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के पिता अशोक की शिकायत पर फरार थार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**खास बातें**

- पूजा अर्चना कर बाइक से लौट रहे थे मां-बेटा को मारी टक्कर, मां की मौत
- अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, स्कूटी सवार की मौत
- पानी लेने सड़क पार कर रहे युवक को थार गाड़ी ने मारी टक्कर

# तेजधार हथियार तथा ईंटों से वार कर राजमिस्त्री की बेरहमी से हत्या

- फाग खेलने की बात कह निकला था घर से, सबह रघुनगर में खाली प्लाट में खून से लथपथ मिला शव
- पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज किया हत्या का मामला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

रघु नगर में बीती रात एक युवक की तेजधार हथियार तथा ईंटों से वार कर बेरहमी से हत्या कर दी गई। मृतक राजमिस्त्री का कार्य करता था। वारदात को अंजाम देकर हत्यारे फरार हो गए। जिस तरीके से युवक की हत्या की गई है, वह गहरी रंजिश की तरफ इशारा कर रही है। हालांकि यह खुलासा नही हो पाया है कि युवक की हत्या के पीछे क्या कारण रहे और हत्यारे कौन थे। सदर थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गुरूद्वारा कालोनी रोहतक रोड निवासी अजयपाल (25) गत दिवस शाम को घर से गया था। देर रात को परिजनों की बात अजय से हुई तो उसने फाग मनाने की बात कर जल्द घर आने की बात कही। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटा। मंगलवार सुबह अजयपाल का शव खून से लथपथ रघु नगर में मुख्य मार्ग से हट कर प्लाट में पड़ा देखा गया। मृतक की गर्दन, चेहरे पर तथा शरीर के अन्य हिस्सों पर तेजधार हथियार तथा ईंट से वार करने के निशान थे। मृतक की छाती पर ईंट रखी गई थी।



नागरिक अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन।

### गहरी रंजिश की तरफ इशारा, बेरहमी से की हत्या

मृतक अजयपाल राजमिस्त्री का कार्य करता था। जिसकी बेरहम तरीके से हत्या की गई। उससे साफ जाहिर है कि उसके साथ कोई गहरी रंजिश पाले हुआ था। फाग पर्व के चलते खाना-पीना भी हुआ होगा। जो हत्यारों की योजना का हिस्सा रही होगी। जिस जगह पर वारदात को अंजाम दिया गया वह भी सुनसान जगह है। हत्या के तौर तरीकों से हत्यारों की संख्या भी दो या उससे 'यादा रही होगी। सदर थाना पुलिस रोहतक रोड तथा आसपास लगे सीसी टीवी कैमरे को फूटेज को खंगाल रही है। साथ पुलिस मृतक के मोबाइल फोन की डिटेल को भी खंगाल रही है। सदर थाना के जांच अधिकारी मुकेश ने बताया कि फाग त्यौहार के चलते शाम को मृतक घर से निकला था। जिसकी रात को किसी ने हत्या कर दी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## रोडवेज बस में युवकों पर चाकू से हमला में 25 पर मामला दर्ज

**सफीदों।** हरियाणा रोडवेज बस में दो युवकों पर चाकूओं से हमला करने के आरोप में पुलिस ने दो नामजद व 25 युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। नामजद युवकों में गांव रामनगर निवासी सतपाल व रोबिन शामिल है। पुलिस को दी शिकायत में गांव गांगोली निवासी अंकुश ने कहा कि इरीगेशन विभाग में बतौर अप्रेंटिसशीप काम करता है। हर रोज की तरह 21 मार्रच को सरकारी बस से अपने गांव गांगोली जा रहा था। आरोपी युवक बस में सवारियों को होली का त्योहार होने के कारण गुलाल लगा रहे थे। जब उक्त युवक उसके पास पहुंचे तो उन्होंने गुलाल उसकी आंखों में मारा। जब उसने इस बात का विरोध किया तो वह उसके साथ गाली-गलोच करने लग गए और रामनगर मोड़ पर गांव हाट में उन्होंने अपने 20-25 युवकों को बुला लिया।

## कॉटन फैक्टरी में आग से लाखों का नुकसान

- फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियों ने मौके पर पहुंच पाया आग पर काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

औद्योगिक क्षेत्र स्थित कॉटन फैक्टरी में सोमवार को दोपहर बाद संदिग्ध परिस्थितियों के चलते आग लग गई। फैक्टरी में मौजूद कर्मियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन आग लगातार फैलती चली गई। बाद में दमकल विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक लाखों रुपये की कॉजल जलकर व पानी से भीग कर खराब हो चुकी थी। फैक्टरी में कुछ समय पहले भी आग लगी थी। फायर सेफ्टी ऑफिसर सुखबीर सिंह ने बताया कि दमकल विभाग के कर्मचारी मौके पर पांच गाड़ियां लेकर पहुंचे और लगभग तीन घंटे में आग पर काबू पाया गया। औद्योगिक क्षेत्र स्थित जींद सर्जिकल फैक्टरी में सोमवार दोपहर बाद अचानक से आग लग गई।



जींद। आग पर काबू पाते हुए फायरब्रिगेड कर्मी। *फोटो : हरिभूमि*

## किसान नेता अनीश की रिहाई को लेकर प्रदर्शन

- लघु सचिवालय पहुंच ग्रामीणों, किसानों और परिजनों ने की प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी
- डीसी ने की प्रतिनिधिमंडल से बातचीत, अनीश से परिजनों को मिलवाने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

पिछले पांच दिन से जिला कारागार में अनशन पर बैठे किसान नेता अनीश खटकड़ की रिहाई व उसके खिलाफ दर्ज किए गए मुकद्मों को रद्द करवाने की मांग को लेकर मंगलवार को गांव खटकड़, करसिंधू, जुलानी, कंडेला सहित एक दर्जन से 'यादा गांवों के किसान ट्रैक्टर व ट्रालियों के साथ लघु सचिवालय पहुंचे और प्रदर्शन किया। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने किसान प्रतिनिधिमंडल से बातचीत की और जेल में बंद किए गए किसान नेता अनीश के साथ उसके भाई और पिता की मुलाकात करवाने का आश्वासन दिया। जिस पर प्रदर्शनकारी किसान वापस लौट गए। किसानों ने मांग की कि अनीश खटकड़ की रिहाई की जाए और उसके खिलाफ दर्ज मुकद्दमों को रद्द किया जाए। गौरतलब है कि दातासिंहवाला-खनौरी बार्डर पर किसानों और प्रशासन के बीच झड़प हुई थी। उस समय खटकड़ गांव निवासी अनीश के खिलाफ जिला पुलिस ने मामला दर्ज किया था। इसके बाद बार्डर पर जान गंवाने वाले किसान शुभकरण की अस्थियों को खटकड़ टोल पर लाया गया तो इससे पहले ही 19 मार्च को अनीश खटकड़ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।



जींद। लघु सचिवालय में नारेबाजी करते हुए महिलाएं। *फोटो : हरिभूमि*

## मारपीट में तीन घायल 20 पर मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के तीन अलग-अलग मामलों में पुलिस ने 20 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पहले मामले में गांव चाणचक के गोपी राम ने गुहला थाना में शिकायत दी कि 13 मार्च को रात के समय आरोपी काजू राम, अर्जुन, मंदीप, अमन व गधु ने उसपर व उसके दो दोस्तों पर पंच से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। जांच अधिकारी सलिंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे मामले में गांव हरिगढ़ किंगण के आर्यन ने चीका थाना में शिकायत दी कि 22 मार्च को वह गांव बलबेहडा के सरकारी स्कूल में 12वीं कक्षा का पेपर देने के लिए गया था। जब वह पेपर देकर स्कूल से बाहर आ रहा था तो आरोपी कामराज, मोहित व राहुल ने उस पर गंडासी व लाठियों से हमला कर उसे घायल कर दिया। आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। जांच अधिकारी बलबीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### खेड़ाखेमावती में युवक पर चाकू से हमला ,घायल

**सफीदों।** उपमंडल के गांव खेड़ाखेमावती में एक युवक को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल 25 वर्षीय रवि को सफीदों के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रोहतक पीजीआई के लिए रेफर किया है। युवक के पेट में चाकू लगा हुआ है। युवक रवि ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि उसके खेत के पास कुछ युवक फाग के दिन गाली-गलौज कर रहे थे। जब वह पर पहुंच तो उसने उनकी बातों को विरोध किया। जिसके बाद उनकी कहासुनी हो गई। जिसमें उक्त पांच ने उसके साथ मारपीट की और उसके पेट में चाकू से हमला कर दिया।

## 11 दिन में पुलिस ने पकड़े 14 उद्घोषित व तीन बेल जंपर अपराधी

**जींद।** जिला पुलिस द्वारा जिले में उद्घोषित व बेल जंपर अपराधियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है। इस अभियान के तहत पुलिस ने हाट गांव निवासी सुलतान व बाहरी गांव निवासी कालू को काबू किया है। पुलिस ने पिछले 11 दिनों में पुलिस ने 14 उद्घोषित व तीन बेल जंपर अपराधियों को काबू किया है। इसके अतिरिक्त बीते तीन महीने में 38 उद्घोषित व 18 बेल जंपरों को काबू किया है। पुलिस का यह अभियान लगातार जारी है। जिसमें इन आरोपियों को पकड़ने के लिए विशेष टीम का कर रही है। पुलिस प्रवक्ता अमित खर्ब ने बताया कि पुलिस टीम अपराधों की रोकथाम व अपराधियों को काबू करने के लिए विशेष अभियान चला रही है। इसी अभियान के तहत मंगलवार को भी दो उद्घोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया। जो लंबे समय से अदालत से फ रार चल रहे थे। पीओ स्टाफ के टीम इंचार्ज एएसआई संजय के नेतृत्व में टीम ने विशेष अभियान के तहत सूचना के आधार पर अलग-अलग स्थानों पर छापामारी करते हुए दो आरोपितों को काबू करके संबंधित थानों के हवाले कर दिया है। हाट गांव निवासी सुलतान पर थाना बुटाना में हत्या के प्रयास व लूट, थाना कैथल में शस्त्र अधिनियम के तहत, थाना गोहाना में डकैती करने से इरादे से हत्या के प्रयास, थाना सोनीपत में लूट, डकैती, थाना मतलोडा में डकैती, थाना सफीदों में शस्त्र अधिनियम व उद्घोषित अपराधी का मामला दर्ज था। इसके अलावा बाहरी गांव निवासी कालू पर थाना सफीदों में शस्त्र अधिनियम,केस दर्ज है।

### युवती नहर में कूदी, लोगों ने सुरक्षित निकाला

हरिभूमि न्यूज. जींद जयंती देवी मंदिर के निकट गत दिवस शाम को एक युवती ने हांसी ब्रांच नहर में छलांग लगा दी। इत्तफाकिया लोगों की नजर नहर में डूब रही युवती पर पड़ गई। लोगों ने तत्काल युवती को सुरक्षित निकाल लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। युवती रेलवे रोड की रहने वाली है।

विश्व रंगमंच दिवस एक कलाकार के लिए विशेष दिन : रमेश भनवाला

# रंगमंच सभी को एक बार जरूर करना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

विश्व रंगमंच दिवस के मौके पर रंगकर्मी रमेश भनवाला ने कहा कि विश्व रंगमंच दिवस एक कलाकार के लिए विषेष दिन होता है। मानव इतिहास में सबसे पुराने कला रूपों में से एक, नाटक के महत्व को रेखांकित करने और लोकप्रिय बनाने के लिए 27 मार्च को विश्व रंगमंच दिवस मनाया जाता है। इस दिन की शुरुआत अंतरराष्ट्रीय रंगमंच संस्थान ने मूल रूप से नाटक और ललित कलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए वर्ष 1961 में की गई थी। मानवीय भावनाओं के करीब होने के कारण, रंगमंच में विचारों को प्रभावित करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता है। यह दिन हमें मानव जीवन में रंगमंच के महत्व को भी रेखांकित करता है। क्योंकि यह न केवल दर्शकों का मनोरंजन करता है बल्कि दुनियाभर में मौजूद संस्कृति और परंपरा को भी दर्शाता है। नाटक अपने आप में कला का एक संपूर्ण रूप है। इसकी रूपरेखा में अभिनय, संवाद, कविता, संगीत आदि शामिल हैं। नाटक की सजीव परम्परा का भारतीय सामाजिक व्यवस्था में प्रमुख स्थान है। रंगमंच युगों से, समाज के आदशोंर्, मानव अस्तित्व, लोकाचार, भावनाओं, मानवीय संवेदनाओं आदि के प्रति दृढ़ संकल्प को प्रतिबिंबित करता आया है। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में, त्योहारों और उत्सवों के दौरान पारंपरिक नाट्य रूपों को प्रस्तुत किया जाता है। पारंपरिक रंगमंच के विभिन्न रूप आम आदमी के सामाजिक दृष्टिकोण और धारणाओं को दर्शाते हैं जो क्षेत्रीय, स्थानीय और लोक कला के रूप में प्रकट होती हैं। पारंपरिक रंगमंच में सादगी के रूप में एक समान विशिष्टता पाई जाती है और पारंपरिक नाट्य रूपों का विकास ऐसी ही स्थानीय और क्षेत्रीय विशेषताओं पर आधारित है। भारतीय रंगमंच, जिसका इतिहास पांच हजार साल से भी अधिक पुराना है, न कई उदार मंच कला रूपों को जन्म दिया है और प्रसिद्ध कलाकारों को जन्म दिया है।



जींद। रंगमंच पर कला बिखेरते हुए रमेश भनवाला। *फोटो : हरिभूमि*

**खबर संक्षेप**

## इंसान को जीवन एक गणित की तरहः सुभद्र

**उचाना।** बड़ौदा जैन स्थानक में प्रवचन करते हुए उत्तर भारतीय प्रवर्तक गुरूदेव सुभद्र मुनि महाराज ने कहा कि जीवन एक गणित है। गणित में जोड़ना, घटाना, गुणा करना और भाग देना सब कुछ होता है। जिंदगी में भी यह सब जरूरी है। जिंदगी में दोस्ती का जोड़ करो, दोस्त खुद ब खुद बढ़ जाएंगे। दुश्मनी को घटा दो दुश्मन खो जाएंगे। खुशियों को गुणा कर दो खुशियां चौगुणी हो जाएगी।

## राम-श्याम दूसरे मासिक संकीर्तन का आयोजन

**उचाना।** लाला प्रभुदयाल धर्मशाला उचाना में श्रीराम परिवार युवा समिति के तत्वाधान में मासिक संकीर्तन का आयोजन किया। श्रीराम परिवार युवा सेवा समिति उचाना द्वारा हर महीने की 22 तारीख को राम-श्याम संकीर्तन का आयोजन करवाया जाता है। लाला प्रभु दयाल चौधरी वाली धर्मशाला उचाना में आयोजित होने वाले संकीर्तन में कलाकर रोहित राजपूत जींद, जानवी खर्ब जींद पहुंची।

## पत्नी की याद में धर्मशाला को दिया कमरा

**उचाना।** बस स्टैंड के पास स्थित भगवान परशुराम धर्मशाला उचाना में कमरे के निर्माण को लेकर वेदप्रकाश शर्मा द्वारा अपनी पत्नी नन्ही देवी की याद में 1 लाख 25 हजार रुपये की राशि दी। धर्मशाला प्रधान रिषी राम डूमरखा ने बताया कि निरंतर धर्मशाला में समाज के लोग सहयोग देते आ रहे है। समाज के लोगों को चाहिए कि वो धर्मशाला में जितना हो सकें सहयोग करें। इस मौके पर ओमदत्त शर्मा डाहोला आदि रहे।

## परीक्षा परिणाम एक उत्सव : डा. विद्यार्थी

**जींद।** परीक्षा परिणाम एक उत्सव है, जिसमें बच्चों के सपने और माता-पिता की आशाएं पूर्ण होने की खुशी होती है। इसलिए इस कार्यक्रम में बच्चे और अभिभावक बढ़.चढ़कर के भाग लेते हैं। यह बात मंगलवार को डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव व होली उत्सव में डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने कही। उन्होंने कहा कि होली के अवसर पर बच्चों का अगली कक्षा में जाना खुशियों को बढ़ा देता है। जिसमें दर्जनों माताओं ने हरियाणवी, राजस्थानी और पंजाबी नृत्य कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### प्रतियोगिता में विजेता रहे विद्यार्थियों का किया सम्मान

# तृतीय हरियाणा राज्य जूनियर हैंडबाल प्रतियोगिता संपन्न

अधिकांश जिलों के 400 लड़कों एवं लड़कियों की टीमों के खिलाडियों ने हिस्सा लिया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना**

हैंडबॉल वेलफेयर सोसाइटी जींद द्वारा, हर हैंडबॉल वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के तत्वाधान में ईरा इंटरनेशनल स्कूल डूमरखा में दिनांक 23-24 मार्च 2024 तक तृतीय हरियाणा रा'य जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जुगमिन्दर सिंह महासचिव हर हैंडबॉल वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा ने बताया कि इसमें प्रदेश भर के अधिकांश जिलों के लड़कों एवं लड़कियों की टीमों के लगभग 400 खिलाडियों ने हिस्सा लिया। लड़को के वर्ग में हिसार, पानीपत व कैथल ने प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कों में हिसार का खिलाडी विपूल बेस्ट प्लेयर व पानीपत का खिलाडी नविन को बेस्ट गोलकीपर का अवार्ड मिला। जबकि लड़कियों के वर्ग में पानीपत की खिलाडी सपना को बेस्ट प्लेयर तथा हिसार की खिलाडी ननीता को बेस्ट गोलकीपर का अवार्ड मिला। टूर्नामेंट की सभी ट्राफी स्व राजेंदर सिंह हैंडबॉल कोच जींद की यादगार में उनके सुपुत्र चिराग हैंडबॉल कोच जींद द्वारा भेंट की गई। इस टूर्नामेंट को सफल बनाने में हैंडबॉल प्रशिक्षक पान्नु हिसार, राज सिंह कलायत, अनूप सिंह हिसार, अशोक शर्मा नरवाना, राजेश कैथल, राजेश रोहतक, धर्मजीत पानीपत, अशोक पुनिया लाडवा, चिराग जींद, जसवीर लितानी, नीरज शर्मा भिवानी आदि ने सरहानीस भूमिका अदा की।



**नरवाना।** हैंडबॉल टीम को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### फुटबॉल में दुर्जनपुर बना चैंपियन



**उचाना।** दुर्जनपुर गांव में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। उचाना खुर्द की टीम चैंपियन बनी तो दूसरे स्थान पर दुर्जनपुर की टीम रही। विजेता को 31 हजार एवं द्वितीय को 21 हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया। उचाना नपा चेयरमैन एवं समाज सेवी विकास काला द्वारा विजेता टीम को पुरस्कृत किया। विकास काला ने कहा कि फुटबॉल को लेकर युवाओं का रूझान बढ़ रहा है। युवाओं की जिस खेल में रूचि हो वो ही खेल खेलना चाहिए। फुटबॉल को लेकर गांव में मैदान बनाने चाहिए ताकि युवा वहां पर अभ्यास कर सकें। कई गांव के युवा फुटबॉल के खेल गांव, क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे है। कोई भी मंजिल दूर नहीं होती बस उस मंजिल को पाने के लिए मेहनत करनी पड़ती है। कोशिश करने वालों की हार नहीं होती है। इसलिए कोशिश करते रहना चाहिए। इस मौके पर राजेश, अनिल, शमशेर, चांदी, सुरेंद्र मौजूद रहे।

## सरोज बनी अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी की जिलाध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों**

अखिल भारतीय संगठन ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल हांडा ने राष्ट्रीय महासचिव 'योति कमल हांडा के अनुमोदन पर सफीदों निवासी सरोज भाटिया को जींद जिला की महिला अध्यक्षा बनाया है। उनकी इस नियुक्ति से समाज में खुशी की लहर है और उनके निवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। बता दें कि सरोज भाटिया अखिल भारतीय भाटिया बिरादरी की राष्ट्रीय प्रभारी, बीजेपी महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, बीजेपी सफीदों विधानसभा प्रभारी, सफीदों के चार बूथों की शक्ति केंद्र पालक, वरिष्ठ नागरिक मित्र मंडल की महिला अध्यक्ष, कुटिया शांत सरोवर सफीदों की महिला अध्यक्ष होने के साथ-साथ शहर की अन्य धार्मिक व सामाजिक संस्थाओ में बढ़-चढ़कर कार्य कर रही हैं। नवनियुक्त जिला महिला अध्यक्षा सरोज भाटिया को जींद जिला के तहत आने वाली पांचों विधानसभाओं क्रमशः जुलाना, सफीदों, जींद, उचाना कलां और नरवाना में महिला विधानसभा अध्यक्षों एवं कार्यकारिणियों के गठन का भी अधिकार दिया गया है। अपने संबोधन में सरोज भाटिया ने संगठन के आलाकमान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उनको जो जिम्मेवारी सौंपी है, उसे वे बखूबी निभाने का प्रयास करेंगी तथा 'यादा से 'यादा महिलाओं को संगठन के साथ जोड़ने का कार्य करेंगी।

## लैय्या बिरादरी के युवाओं को राजनीति में आना होगा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों**

नगर की लैय्या बिरादरी धर्मशाला में प्रधान हरीश शर्मा की अध्यक्षता में लैय्या बिरादरी मिलन समारोह मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि लैय्या बिरादरी पानीपत के अध्यक्ष गजेंद्र सलूजा ने शिरकत की। प्रधान हरीश शर्मा ने आए हुए अतिथियों का अभिनंदन करते हुए बताया कि सफीदों के पंजाबी समाज की लैय्या बिरादरी हमेशा लोगों के सुख-दुख में साथ खड़ी रही है। बिरादरी के लोग राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक कामों में तन मन धन के साथ सहयोग करते हैं। मुख्यातिथि गजेंद्र सलुजा ने कहा कि आज हमारा समाज सभी क्षेत्रों में आगे है बस सरकारी नौकरियों और राजनीति में आने में संकोच करता है। अब समय आ गया है कि हमारे युवा सरकारी नौकरियों की तैयारी करें और राजनीति में भी अपना योगदान दें। क्योंकि हम देशभक्त हैं, देशभक्ति हमारे खुन में है, देश को दिशा देने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। हमारे समाज के जो लोग राजनीति में हैं वो देश को आगे बढ़ाने में अपना विशेष योगदान दे।



## प्लस पॉइंट स्कूल खापड़ में आयोजित हुई परीक्षा

**उचाना।** प्लस प्वाइंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल खापड़ द्वारा स्कॉलरशिप टेस्ट आयोजित करवाया गया। विभिन्न स्कूलों के प्रथम कक्षा वर्ग से बारहवीं कक्षा तक के करीब 600 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। छात्रों के बौद्धिक, तार्किक मूल्यांकन के लिए परीक्षा हुई। परीक्षा के उपरांत विद्यालय परिसर में छात्र -छात्राओं एवं शिक्षकगण ने अबीर गुलाल के साथ जमकर होली खेली। संगीत, नृत्य के साथ बड़ा ही मोहक व आनंदित नजारा विद्यालय परिसर में था। विद्यालय निदेशक आरएम सांगवान ने बच्चों को संबोधित करते नई शिक्षा नीति-2020 के बारे में छात्रों को अवगत कराया। इस प्रकार की परीक्षा छात्र जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। बच्चों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक, नैतिक एवं चारित्रिक विकास के लिए भी ऐसी परीक्षा आवश्यक हैं।

# बैठक में किसानों की समस्याओं पर किया मंथन

- 30 मार्च को होने वाली बैठक में आगामी आंदोलन की बनाई जाएगी रणनीति

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**

अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा रा'य कमेटी की बैठक मजदूर भवन में मंगलवार को रा'य प्रधान बलबीर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में किसान आंदोलन की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की गई और किसानों की लंबित स्थानीय समस्याओं पर आगामी अभियान चलाने की योजना बनाई गई। बैठक में रेवाड़ी में फैक्टरी ब्लास्ट में मजदूरों के निधन पर और किसान आंदोलन के शहीद शुभकर्ण सिंह की याद में मौन रख श्रद्धांजलि दी गई।



**जींद।** बैठक करते हुए किसान। *फोटो : हरिभूमि*

किसान सभा रा'य महासचिव सुमित दलाल ने कहाकि बैठक में सभी जिलों से पदाधिकारियों ने शिरकत की। बैठक में किसान आंदोलन के राष्ट्रीय आंदोलन को लेकर चर्चा की गई। संयुक्त किसान मोर्चा की राष्ट्रीय बैठक 30 मार्च को रोहतक में होगी। जिसमें मोर्चा के राष्ट्रीय आंदोलन की आगामी योजना की रूपरेखा बनाई जाएगी। किसान सभा के राष्ट्रीय वित्त सचिव पी. कृष्णा प्रसाद ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की मोदी सरकार किसान मजदूरों को उजाड़ने और अपने कॉरपोरेट दोस्तों को मुनाफे पहुंचाने का काम कर रही है। किसानो की एमएसपी की गारंटी, कर्जा मुक्ति समेत किसानों के लंबित अन्य मुद्दों का समाधान करने की बजाय जनतांत्रिक अधिकारों पर हमला कर रहे हैं। आंदोलन को बदनाम करने और तोड़ने के लिए ओच्छे हथकंडे अपनाए जा रहे हैं जिसमें वह सफल नहीं होंगे। किसान सभा हरियाणा ने बैठक को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि जातिवाद और सांप्रदायिक आधार पर भाजपा पालेबंदी करके चुनावी बौंड जैसे अपने क्रियाकलापों को ढकना चाहती है। इस स्थिति में किसान व मजदूरों को सभी अन्य संगठनों के साथ एकता बना कर अपनी रोजी-रोटी और सामाजिक सद्भाव बचाने के लिए 14 मार्च को रामलीला मैदान में हुई।

## लावारिस अववस्था में नौ वर्षीय बच्चा मिला

**जींद।** जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुजाता ने बताया कि एक बच्चा जिसकी आयु लगभग नौ वर्ष लावारिस अवस्था में 24 मार्च को राजकुमार सब इंस्पेक्टर को जुलाना बस स्टैंड पर मिला जिसकी सूचना डीडीआर 190 थाना जुलाना में दर्ज है बच्चा अपना नाम शिवा बता रहा है अपनी मां का नाम पायल और पिता का नाम पूर्ण बता रहा है। बच्चा यह भी बता रहा है कि आगरा में उनके पिता की जूते की दुकान है। यदि उपरोक्त बच्चों के माता-पिता अभिभावक जिला बाल संरक्षण कार्यालय बाल कल्याण समिति कमरा नंबर पांच पहले मंजिल कं'यूमर कोर्ट बिल्डिंग लघु सचिवालय जींद हरियाणा में 15 दिनों के अंदर संपर्क करें। या फिर 01681-245003, 94165 13057, 972802288 पर संपर्क कर सकते हैं।



## रिटर्निंग अधिकारी ने प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी कॉलेज में बनाए मतगणना केंद्र का किया निरीक्षण

**जींद।** रिटर्निंग अधिकारी 04 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हिसार कम जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मतगणना केंद्रों में एलईडी स्क्रीन, बैरिकेटिंग, सुरक्षा प्रबंध, सीसी टीवी कैमरे इत्यादि की समुचित व्यवस्था करना सुनिश्चित करें ताकि मतगणना का कार्य शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करवाया जा सके। रिटर्निंग अधिकारी 04 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हिसार कम जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया मंगलवार को प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी कॉलेज जींद में बनाए गए मतगणना केंद्र का निरीक्षण करने के उपरांत कहा। प्रदीप दहिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोकसभा चुनाव 2024 की सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पुरी करें। इसके बाद रिटर्निंग अधिकारी हिसार प्रदीप दहिया ने खटकड़, बड़ौदा, उचाना के मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण उपरांत उन्होंने अधिकारियों कि मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, रैम्पए शौचालय इत्यादि की व्यवस्था रखें।

# वरिष्ठ नागरिक फोरम ने डा. विद्यार्थी को किया सम्मानित

- हिंदी साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के निदेशक बने हैं डा. विद्यार्थी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**

वरिष्ठ नागरिक फोरम के प्रधान डा. एके चावला ने कहा कि दिल जीतना इतना आसान नहीं होता, यह कोई मुहिम नहीं होती। इसके लिए कोई जंग नहीं लड़नी पड़ती है। महज सर्वहिताय, सर्व सुखाय की पुनीत भावना रख कर अपने आप को कार्यो् में निरंतर झोंकना होता है और आने वाली पीढ़ी को अपना श्रेष्ठ सौंपना होता है। डा. एके चावला डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में डा. धर्मदेव विद्यार्थी के सम्मान में आयोजित उनके अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। डा. विद्यार्थी ने हाल ही में हरियाणा सरकार द्वारा हिंदी साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के निदेशक के पद को संभाला है। उनके अभिनंदन समारोह में डा. एके चावला ने बताया कि उन्होंने समाज के हित के लिए बहुत कार्य किए हैं, उन्होंने जरूरतमंद गरीब महिलाओं, बच्चों की सहायता तथा एक हजार गरीब कन्याओं के सामूहिक विवाह के आयोजन तथा नशामुक्ति जन-जागरण अभियान चलाया। देश, धर्म पर बलिदान देने वाले ज्ञात व अज्ञात बालकों की खोज कर उनकी स्मृति में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस घोषित करवाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इनको विभिन्न क्षेत्रों में 50 से अधिक पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। अभिनंदन समारोह के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिक फोरम के द्वारा स्नेह, प्रेम, उल्लास एवं सनातनी संस्कृति के महान पर्व होली के त्यौहार पर होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। डा. विद्यार्थी ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा निदेशक पद का सम्मान केवल उनका सम्मान नही है वरन वरिष्ठ नागरिक फोरम जींद का सम्मान है। इस मौके पर ऊषा चावला, बीएम पंवार, एसपी भारद्वाज, सुभाष पाहवा, पीसी जैन, चमनलाल ग्रोवर, जितेंद्र प्रसाद, रमाकांत शर्मा, वासुदेव आहूजा, वीरेंद्र सिंह रहे।



**जींद।** डा. विद्यार्थी को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*



## सुदकैन खुर्द में बनेगी डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा

**जींद।** गांव सुदकैन खुर्द में डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाई जाएगी। उचाना हलका के युवा नेता अनुराग खटकड़ ने अपने पैतृक गांव में ईंट रख कर कार्य का शुभारंभ किया। अनुराग खटकड़ ने कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर ने राष्ट्र निर्माण में जो योगदान दिया है, उसको कभी भी बुलाया नहीं जा सकता है। अंबेडकर जी ने सभी को समानता का अधिकार देकर समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने का काम किया। अंबेडकर द्वारा सामाजिक शैक्षणिक, आर्थिक, राजनीतीक तमाम विषयों पर प्रकाश डालते हुए मजबूत राष्ट्र निर्माण में अपना सहयोग दिया। खटकड़ ने कहा कि इनकी प्रतिमा लगने से प्रत्येक युवा को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी और इस प्रतिमा को देखकर युवा पीढ़ी अपने सपने पुरे करने का प्रयास करेगी। खटकड़ ने कहा कि गरीब परिवार में जन्म लेकर डा. भीमराव अंबेडकर ने जो इतिहास रचा है, सच्ची लगन मेहनत से अगर कोशिश की जाए हर नौजवान उनके कदमों पर चले तो वह भी मजबूत राष्ट्र निर्माण में सहयोग दे सकते हैं। इस मौके पर सभी साथी मौजूद रहे।

# पीएचसी नगूरां की टीम ने गांव के तालाबों में डाला गंबूजिया मछलियों का बीज

- मच्छरों के प्रकोप से बचने के लिए तालाबों में डाली गम्बूजिया मछली : नरेंद्र ढांडा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा**

गर्मी का मौसम शुरू होते ही मलेरिया, डेंगू बीमारी अपने पांव पसारना शुरू कर देती हैं। मलेरिया डेंगू बुखार मच्छरों के काटने से होता है। इसी कड़ी में गांव नगूरां, शाहपुर, चांदपुर, दिल्लूवाला,रायचंदवाला में बने तालाबों में मच्छरों के बढते प्रकोप को रोकने के लिए मंगलवार को पीएचसी नगूरां के स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मचारी संजय कुमार, कृष्ण रेढू, विनोद कुमार, कुलदीप, सुभाष, रवि ढिल्लों आदि ने गम्बूजिया मछली डाली गई, ताकि वेक्टर बोर्न बीमारियों पर नियत्रंण पाया जा सके। स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने कहा कि गम्बूजिया मछली की खास बात ये है कि ये पानी में मौजूद मच्छरों के लारवा को चट कर जाती है।



जिससे मच्छर जनित रोगों का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। उन्होंने कहा कि मच्छरों से बचने के लिए स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी जनता को जागरूक करने के लिए हर सम्भव प्रयासरत रहते हैं। जिसमें घर-घर जाकर लोगों को मलेरिया डेंगू बुखार से बचाव, सावधानियां व उपचार बारे जनता को पम्पलेट बांटकर, होडिंग्स लगाकर, नुक्कड़ नाटकों, नुक्कड़ सभाओं द्वारा जागरूक किया जाता है। बुखार के मरीजों की ब्लड स्लाइड बनाकर उनको लैब में टेस्ट हेतु भेजते हैं व मौके पर उचित उपचार देते हैं।

### मनप्रीत दसंवत हेल्पलाइन वर्ल्ड एसोसिएशन लगाया रक्तदान शिविर

# रक्तदान कर शहीद सरदार भगत सिहं को दी श्रद्धांजलि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना**

मनप्रीत दसंवत हेल्पलाइन वर्ल्ड एसोसिएशन द्वारा एक स्थानीय एनजीओ के सहयोग से एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर कार्यक्रम का आयोजन जाट धर्मशाला में शहीद भगत सिंहए राजगुरु व सुखदेव के 93वे शहीदी दिवस के अवसर पर किया गया। कार्यक्रम को मंच संचालन सुमीत उर्फ यैकी मोर ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक रामनिवास सुरजाखेडा के प्रतिनिधि के रूप में उनके भाई सतीश सुरजाखेडाए संजना सातरोड व मंहत रामपूरी उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में छोटी गुडिया सियाज पूनिया भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभांरभ मुख्य अतिथ्यिों द्वारा भगत सिहंए राजगुचय व सुखदेव के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए और भारत माता की जय के नारों से किया गया। कार्यक्रम में आए हरियाणवी कलाकारों में बिन्दर दनोदाए राममेहर मेहलाए आशु ट्विंकिल ने अपनी प्रस्तुति देकर सभी का मनोरजंन किया। उसके बाद विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंची यगेस्ट एथिलिट के साथ हरियाणा ड्रग फ्री की ब्रांड अबेंसेडर सियाज पुनिया ने अपना ओजस्वी भाषण दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने उनकी बातों को बडे ध्यान से सुना और सभी लोगों का मन मोह लिया। सियाज ने कहा कि आज का युवा नशे की लत में डूबता जा रहा है युवाओं को समझने की जरूरत है कि भविष्य में इस देश को उनकी जरूरत है क्योंकि एक युवा ही पुरे देश का नेत्तृत्व करता है। यदि युवा ही नशे की लत में पड जाएगा तो फिर देश पीछे रह जाएगा। वही मनप्रीत दास हेल्पलाइन वर्ल्ड एशोयिशन द्वारा कहा गया कि यह इस रक्तदान शिविर के आयोजन का मुख्य उदेश्य युवाओं को नशे की लत से दूर करना है उनकों नशे के प्रति जागरूक करने का है। टीम से रमनदीप रसीदाए गगनदीप सैंथलीए पवन सैंथलीए जीतू मोरए सुनील मोरए डॉ अजय नैनए गौरव जांगड़ाए सुमीत उर्फ यैकी मोरए आदि मौजूद रहे।



**नरवाना।** रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## खबर संक्षेप



### वाणिज्य विभाग की 3 छात्राएं टॉप-10 में

**कैथल।** आरकेएसडी महाविद्यालय के सायंकालीन सत्र की बीकॉम ऑनर्स तृतीय सत्र की 3 छात्राओं ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में पहले 10 में से तीन स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। बीकॉम ऑनर्स तृतीय सत्र की छात्रा नताशा ने दूसरा, कोमल कुमारी ने छठा एवं श्रुति सैनी ने नौवां स्थान प्राप्त किया।



### पुलिस ने लोगों को नशे के दुष्परिणाम बताएं

**कैथल।** नशे से आजादी मुहिम के तहत समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से एसपी उपासना के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत पुलिस टीम द्वारा आए दिन कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत एचसी सुनील कुमार द्वारा गांव गढी, छौत, पाडला में महिलाओं सहित आमजन को नशे के दुष्प्रभावों बारे अवगत करवाया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा आमजन को जानकारी दी गई कि नशा एक सामाजिक बुराई है।



### नवीन जिंदल को टिकट मिलने पर जताया हर्ष

**पूंडरी।** कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से 2 बार सांसद रह चुके प्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी नवीन जिंदल को एक बार फिर से कुरुक्षेत्र लोकसभा का टिकट मिलने पर कार्यकर्त्ताओं में खुशी का माहौल है। पूंडरी शहर के प्रमुख समाजसेवी राजकुमार गर्ग उर्फ राजू ने लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया। राजकुमार गर्ग ने कहा कि पिछले 10 साल के कार्यकाल में नवीन जिंदल द्वारा करवाए गए अभूतपूर्व विकास कार्यों, सामाजिक सेवाओं व जनहित से जुड़े फैसलों के कारण अब फिर से लोकसभा क्षेत्र की जनता उन्हें सांसद बनाने का मन बना चुकी है।

### चुनाव को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**पूंडरी।** लोकसभा चुनाव व होली-फार्ग को लेकर पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया।



फ्लैग मार्च के दौरान नागरिकों को संदेश दिया गया कि किसी भी व्यक्ति को कानून-व्यवस्था व शांति भंग करने की किसी सूरत में ईजाजत नहीं दी जाएगी। पुलिस द्वारा नागरिकों को जागरुक किया गया कि वे झूठी अफवाहों पर ध्यान न दे, निर्भिक होकर अपना मतदान करे। थाना प्रभारी राजकुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि एस.पी. उपासना के दिशा-निर्देश अनुसार पुलिस टीम द्वारा थाना सिविल लाईन से विश्वकर्मा शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया।



### आरकेएसडी कॉलेज का एनएसएस शिविर संपन्न

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज की एनएसएस टीम द्वारा शिविर 2024 के सातवे दिन का समापन राजकीय प्राथमिक स्कूल शेरगढ़, कैथल में बड़े ही उत्साह और प्रेम से हुआ। आज के मुख्य अतिथि आर.वी.एस. उपाध्यक्ष श्री श्याम बंसल, तथा आर.वी.एस के सदस्य गौरव मंगला, परवीन जैन, विपुल सराफ, राजेश गर्ग आर. एस. डी. कॉलेज के प्राचार्य डा संजय गोयल, डा अनिल नरूला जी थे। स्वयंसेवकों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

---

### पुलिस और आप कार्यकर्ताओं के बीच काफी देर तक खींचतान भी हुई

# अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में सड़कों पर आप कार्यकर्ता

**कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने किया नेतृत्व किया प्रदर्शन**






हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। नेतृत्व \₹इंडिया\₹ गठबंधन से कुरुक्षेत्र लोकसभा के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने किया। उनके साथ जिला अध्यक्ष गज्जन सिंह, मास्टर सतबीर गोयत और सतबीर चहल समेत आम आदमी पार्टी के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे। पिहोवा चौक से जैसे ही आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता बीजेपी ऑफिस के घेराव के लिए आगे बढ़े। पुलिस ने बैरिकेड लगाकर उनको वहीं रोक लिया। पुलिस और आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच काफी देर तक खींचतान चली। जैसे ही प्रदर्शन उग्र हुआ पुलिस ने आम आदमी पार्टी के इंडिया गठबंधन के तहत प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता को कार्यकर्ताओं के साथ हिरासत में ले लिया।

डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार बाबा साहेब के संविधान को तोड़ने में लगी है। उन्होंने कहा अरविंद केजरीवाल पूरे देश के नेता थे। वे पूरे देश में बेहतर शिक्षा, बेहतर चिकित्सा, भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन और विकसित और शिक्षित भारत चाहते हैं। कोर्ट के आदेशों की उल्लंघना करके अरविंद केजरीवाल को गिऱफ्तार किया है। सारे नोटिस जब डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने स्टे कर दिए और उसके बाद एक नया नोटिस दिया। इस नोटिस के अगेंस्ट भी अरविंद केजरीवाल हाइकोर्ट गए, हाईकोर्ट के फैसले का इंतजार नहीं किया अरविंद केजरीवाल जी को चुनाव में प्रचार करने से रोकने के लिए ईडी ने रातों रात गिऱफ्तार कर लिया।

उन्होंने कहा कि गिऱफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी ने कुरुक्षेत्र में प्रदर्शन किया, पुलिस की बर्बरता से करीब 150 लोग घायल हुए। नेताओं को राजनीतिक निशाना बनाया गया, मेरे ऊपर भी इन्होंने जानलेवा हमला किया शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन में लोगों के ऊपर वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया गया। इस बर्बरता के विरोध में आज पूरे हरियाणा के साथ-साथ कैथल में प्रदर्शन कर गिरफ्तारी दी गई। उन्होंने कहा बीजेपी लगातार इन बातों की परवाह किए बिना चुनाव की घोषणा होने के बाद चुनाव प्रचार से रोकने के लिए अरविंद केजरीवाल जी को तंग कर रही थी, बीजेपी अरविंद केजरीवाल के शरीर को तो गिऱफ्तार कर लेगी लेकिन उनकी सोच को कैसे गिऱफ्तार करेगी। अरविंद केजरीवाल को चाहे जेल में डाले, लाखों अरविंद केजरीवाल आज हिन्दुस्तान को विकसित होना देखना चाहते हैं, इंडिया गठबंधन हरियाणा की सभी 10 सीटों पर जीतेगा और बीजेपी का प्रदेश से खात्मा होगा।

---

## केंद्र व राज्य सरकार लगातार जनविरोधी नीतियों को लागू कर रही : नरेश कुमार



**कैथल।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की ब्लॉक स्तरीय कन्वेंशन जवाहर पार्क स्थित संगठन के कार्यालय में गई। इसकी अध्यक्षता ब्लॉक वरिष्ठ उपप्रधान सुरेंद्र पहलवान ने व संचालन ब्लॉक सचिव मास्टर नारायण दत्त ने किया। मुख्य वक्ता के तौर पर राज्य महासचिव नरेश कुमार ने कहा केंद्र व राज्य सरकार लगातार जनविरोधी नीतियों को लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि निजीकरण पर रोक लगाने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने, पुरानी पेंशन बहाल करने, वेतन विसंतियां दूर करने, बिना किसी शर्त एक्सग्रेसिया पॉलिसी लागू करने व हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग करके खाली पदों पर स्थाई भर्ती करने आदि कर्मचारियों की मुख्य मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है और यदि अतिशीघ्र इन सभी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले समय में सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। इस अवसर पर जिला प्रधान शिवचरण, मास्टर रामपाल शर्मा, रामकुमार शर्मा, ओमपाल भाल, छज्जू राम, विजय शर्मा आदि रहे।

## झुग्गी में रहने वाले परिवारों के साथ मिठाई खिला कर मनाई होली



**पूंडरी।** भाजपा की महिला मोर्चा जिला सचिव निधि मोहन नें झुग्गी में रहने वाले परिवारों के साथ मिठाई खिला कर होली का पर्व मनाया। निधि मोहन नें इस अवसर पर जरूरतमंद बच्चों को रंग, मिठाई और खाने-पीने का सामान दिया, जिससे सभी बच्चे बड़े खुश हुए। निधि ने बताया कि त्योहारों का हमारे जीवन में बहुत गहरा रिश्ता है, त्योहार जरूरतमंद परिवार, बच्चों के साथ मनाना चाहिए। अपने बच्चों को हमेशा साथ लेकर जाए तो उन्हें भी ज्ञान मिले। उन्होंने कहा की जरूरतमंद की सहायता की जाए, उससे बढ?र कोई दान नहीं होता है।

---

## गैर आबाद सैक्टर मरे हुए मुर्गों व सड़े हुए अंडे डालने का बना ठिकाना

- वातावरण हुआ प्रदूषित व लोगों का जीना हुआ दूभर
- आमजन ने जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सफीदों



**सफीदों।** हुडा सैक्टर में पड़े हुए मरे हुए मुगेंर् व सड़े हुए अंडे।

नगर के गैर आबाद हुडा सैक्टर आठ को अनेक हैचरी व पोल्ट्री संचालकों ने मरे हुए मुगेंर् व सड़े हुए अंडे डालने का ठिकाना बना लिया है। जिसके कारण इससे पैदा हो रही दुर्गंध ने यहां पर आसपास के निवासियों का जीना व राहगीरों का निकलना मुश्किल हो गया है। इन मरे हुए मुगोंर् व अंडो के कारण चारो और गंदगी व बदबू का आलम है तथा मक्खियों ने भी वहां पर अपना जमावड़ा बना लिया है। बताया जाता है कि यह सिलसिला पिछले कई महीनों से लगातार चल रहा है। स्थानीय निवासियों ने कई बार नगरपालिका के अधिकारियों को मौखिक तौर पर भी अवगत कराया लेकिन नगरपालिका द्वारा समस्या के निपटान के लिए कोई कदम नहीं उठाया। यहां के निवासी वीरेंद्र सैनी, अनिल कुमार, वीरेंद्र कुंडू व प्रदीप कुमार ने बताया कि वह हर रोज सुबह जल्दी उठकर वहां टहलने के लिए जाते थे लेकिन अब बदबू व गंदगी के कारण उन्होंने इस ओर सैर पर जाना बंद कर दिया है।

### नवीन जिंदल के लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर हर्ष

**कैथल।** रेल यात्री कल्याण समिति की एक बैठक श्री सतपाल गुप्ता अध्यक्ष की अध्यक्षता में सनातन धर्म मंदिर कोठी गेट कैथल में संपन्न हुई। बैठक में रेलवे से जुड़ी समस्याएं के बारे में विस्तार से विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर बोलते हुए समिति के अध्यक्ष सतपाल गुप्ता ने बताया कि नवीन जिंदल जो कि पहले भी कुरुक्षेत्र लोकसभा से सांसद थे। वे दोबारा भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर कुरुक्षेत्र से सांसद का चुनाव लड़ रहे हैं, रेल यात्री कल्याण समिति ने उनके भारतीय जनता पार्टी से चुनाव लड़ने के लिए खुशी जाहिर की है तथा अब शहर के लोगों में एक आशा जगी है कि अब कैथल की रेलवे से जुड़ी सभी समस्याएं जल्द ही हल हो जाएगी।

## इनेलो के पक्ष में करें मतदान : मैहला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

इनैलो लोकसभा उम्मीदवार चौ. अभय सिंह चौटाला 29 मार्च को पूंडरी हल्के के कार्यकर्त्ताओं की बैठक लेंगे और कार्यकर्त्ताओं व पदाधिकारी को दिशा-निर्देश देंगे। उपरोक्त जानकारी देते हुए इनैलो के कार्यकारी जिलाध्यक्ष ईश्वर मैहला ने बताया कि 29 मार्च को पूंडरी में आयोजित कार्यकर्त्ता बैठक को लेकर सभी कार्यकर्त्ताओं व पदाधिकारियों द्वारा हल्के के अनेक गांवो का दौरा किया जा रहा है और लोगों को जनसभा में पहुंचने का निमंत्रण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा उम्मीदवार बनने के बाद चौ. अभय सिंह चौटाला पहली बार पूंडरी पहुंच रहे है और कार्यकर्त्ताओं से विचार-विमर्श करने के लिए उनकी बैठक ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले काफी सालों से प्रदेश विकास के मामले में पिछड़ चुका है और विकास को गति देने के लिए प्रदेश की जनता अबकी बार हरियाणा में पूर्ण बहुमत की इनैलो सरकार बनाने का मन बना चुकी है। अभय सिंह चौटाला एक ऐसे प्रखर नेता साबित हुए हैं जो सभी वगोंर् की आवाज न केवल विधानसभा में बल्कि हर मोर्चे पर भी बुलंद करने का काम कर रहे हैं। पिछले 2004 के चुनावों में चौ. अभय सिंह चौटाला ने कुरुक्षेत्र लोकसभा का चुनाव लड़ा था, उस हार का बदला लेने के लिए सभी कार्यकर्त्ता और जनता अब एक-एक वोट इनेलो के पक्ष में डालेंगे।



**पूंडरी।** अभय चौटाला के साथ इनैलो कार्यकारी जिलाध्यक्ष ईश्वर मैहला। *फोटो : हरिभूमि*

---

## जल्द ही सीएम से मिलेंगी कालेज बनाओ सीवरेज हटाओ कमेटी




**राजौंद।** राजौंद के असंध मार्ग पर चल रहे धरने के 61 वें दिन धरने की अध्यक्षता प्रवेश राणा ने की। धरने स्थल पर सभी साथियों ने मिलकर फैसला लिया कि इस मांग को लेकर मुख्यमंत्री से मिल जाए। जिसके लिए 28 या 29 मार्च को मुख्य मंत्री से मिलने के लिए समय मिलने की संभावना है। इस दौरान काका राणा ने कहा कि महिला कॉलेज बस स्टैंड के सामने बनाया जाए और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट शहर से बाहर कहीं भी बनाया जाए। यह दोनों ही शहर की जरूरत है कोई भी शहर वासी यह नहीं चाहता कि कॉलेज व सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट यहां न बने। उन्होंने कहा कि शहर वासी इस बात पर सहमत भी है लड़कियों की शिक्षा को देखते हुए कॉलेज इसी स्थान पर बनाया जाए यहां लड़कियों को शिक्षा ग्रहण करने में किसी तरह की परेशानी व द्रुविधा नहीं रहेगी। इस दौरान राकेश राणा, अंग्रेज राणा, विनोद सैन, जसवंत सिंह, वीरेंद्र शर्मा, बलवंत शर्मा रोहेडा, प्रवेश राणा, रणजीत राणा, ताराचंद, विनय राणा, घनश्याम राणा सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## प्रधान पद के चुनाव को लेकर बैठक में मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका



**गुहला चीका।** प्रधान का चुनाव करने के लिए विचार विमर्श करते हुए आड़ती ।

अग्रवाल धर्मशाला चीका में चीका मंडी के आढ़तियों की प्रधान पद के लिए सहमति नहीं हो सकी जिस कारण सभा के प्रधान स्वर्णजीत सिंह ने चुनावों की घोषणा कर दी। मालूम रहे कि बैठक में आढ़तियों ने आने वाले गेहूं के सीजन को देखते हुए व पुरानी कमेटी भंग होने के कारण नए प्रधान का चुनाव करने के लिए विचार विमर्श किया। बैठक के दौरान प्रधान पद के लिए 4 नाम सामने आए, जिनमें रूलदू राम प्रजापति, नंद लाल गुप्ता, जय पाल गर्ग व सुरेश प्रजापति ने प्रधान बनकर मंडी के आढ़तियों की सेवा करने व सीजन के दौरान उनके समक्ष आने वाली समस्याओं को दूर करने बारे अपने-अपने विचार रखे परंतु आढ़तियों में कई मुद्दों को लेकर तकरार शुरू हो गई और बहुत से आढ़तियों ने चुनावी मुद्दे से हटकर पिछली कमेटी पर आरोप प्रत्यारोप लगाने शुरू कर दिए, जिस पर तकरार इतना बढ़ी कि सर्वसम्मति से चुनाव करवाने का मुद्दा पीछे ही छूट गया और वोहरा को चुनाव करवाने की घोषणा करनी पड़ी। इस बीच उन्होंने 5 सदस्यी एक चुनाव कमेटी का भी गठन किया, जिसमें वोहरा के अतिरिक्त कर्म चंद, सोम प्रकाश, कुलदीप सिंह व कश्मीरी लाल शामिल किए गए और चुनावी प्रक्रिया शुरू कर दी। इस बीच पत्रकारों से बातचीत करते हुए वोहरा ने कहा कि मंडी प्रधान के लिए सर्वसम्मति ना होने के कारण 3 अप्रैल को चुनाव करवाया जाएगा, जिसके चलते आज से 28 मार्च तक नामांकन लिए जाएंगे और अगले दिन 29 मार्च को नामांकन वापिस लिए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि नाम वापिस लेने के पश्चात उसी दिन चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह भी आवंटित कर दिए जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि 3 अप्रैल को होने वाला प्रधान पद का चुनाव पूरी तरह से शान्तिपूर्वक ढंग से करवाया जाएगा।

### विधानसभा क्षेत्र में रैली व होर्डिंग लगाने हेतु स्थान किए निर्धारित

- जिला प्रशासन ने गुहला विधानसभा क्षेत्र में रैली व होर्डिंग लगाने हेतु स्थान किए निर्धारित
- विधानसभा क्षेत्र में हैं 1 लाख 91 हजार 299 मतदाता :एसडीएम कृष्ण कुमार

**गुहला-चीका।** गुहला विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम कृष्ण कुमार ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए राजनीतिक दलों के लिए जनसभा, रैली, होर्डिंग, बैनर व पोस्टर लगाने हेतु स्थान निर्धारित किए गए हैं। गुहला विधानसभा क्षेत्र 1 लाख 91 हजार 299 मतदाता हैं, जिसमें 1 लाख 124 पुरूष व 91 हजार 168 महिला मतदाता हैं। वहीं बूथ की बात करें तो गुहला विधानसभा में 112 जगहों पर 199 बूथ स्थापित किए गए हैं, जिनमें 157 ग्रामीण तथा 42 शहरी क्षेत्र में स्थापित किए गए हैं। इन सभी बूथों पर पानी, शौचालय, बिजली, रैम्प, व्हील चेयर सहित अन्य आधारभूत जरूरतें सुनिश्चित की गई हैं।

सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम कृष्ण कुमार ने बताया कि चीका नगर पालिका चौधरी देवी लाल पार्क की दीवार पर बैनर व अन्य प्रचार सामग्री लगा सकते हैं तथा पुरानी अनाज मंडी में रैली एवं जनसभा आयोजित कर सकते हैं। वहीं नगर पालिका सीवन की सीमा में अनाज मंडी परिसर में रैली और जनसभा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि गुहला विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र में जनसभा स्थल के पास ही बैनर व होर्डिंग भी लगा सकते हैं।

---

### एसपी उपासना ने क्षेत्र के गणमान्य लोगों से की अपनाध रोकने में सहयोग की अपील

# पुलिस व आमजन में आपसी तालमेल बनाने को बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** एसपी उपासना पुलिस-पब्लिक समन्वय कमेटी की बैठक लेते हुए।

जिला कैथल में एक जिला स्तरीय पुलिस-पब्लिक समन्वय कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें जिला कैथल के एरिया के गांवों व कस्बों से लोगों को जोडकर एक कमेटी बनाई गई है। इस कमेटी की मंगलवार को कार्यालय पुलिस अधीक्षक कैथल में पुलिस-पब्लिक समन्वय मीटिंग का आयोजन किया गया। यह मीटिंग पुलिस अधीक्षक कैथल उपासना की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस मीटिंग का मकसद पुलिस व आमजन के बीच सहयोग बढा कर अपराध मुक्त समाज की स्थापना करना है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बैठक के दौरान एसपी उपासना द्वारा इससे पूर्व संपन्न हुई मीटिंग में उठाए गए मुद्दों बारे कार्यो की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी हासिल की गई। जिस बारे बैठक में मौजूद सभी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा समस्याओं का निवारण किए जाने पर संतोष व्यक्त किया गया। इस बैठक में आए गणमान्य व्यक्तियों द्वारा अपने अपने एरिया की समस्याओं को बताया गया जिस पर एसपी ने विचार विमर्श करते हुए समस्याओं के समाधान हेतु सम्बंधित को आदेश दिए। बैठक में मौजूद गणमान्य व्यक्तियों द्वारा अपने क्षेत्र में नशा, सट्टेबाजी, अवैध रूप से शराब पिलाने बारे तथा अन्य समस्याओं बारे अवगत कराया गया। एसपी ने मौजूद सभी मोजिज व्यक्तियों तथा जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में क्षेत्र में शांति बनाए रखें, किसी भी व्यक्ति को कानून-व्यवस्था व शांति भंग करने की किसी सूरत में इजाजत नहीं दी जाएगी।

### एसपी ने कैथल के सभी बैंक प्रबधंको व ज्वेलर्स एसोसिएशन के साथी की बैठक



**कैथल।** मंगलवार को एसपी ऑफिस में एसपी उपासना की अध्यक्षता में जिला के सभी बैंक प्रबधंको व ज्वेलर्स एसोसिएशन की बैठक संपन्न हुई। मिटिंग दौरान एसपी उपासना द्वारा सभी बैंक मैनेजर को बैंकों व एटीएम की तथा ज्वेलर्स को दुकानो की सुदृढ सुरक्षा सुनिश्चित करने बारे विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक उपासना ने कहा कि सभी बैंक प्रबंधक अपने अपने बैंक व एटीएम में 24 घंटे सुरक्षा गार्ड को तैनात करें। एटीएम व बैंक में उच्च गुणवत्ता वाले कैमरे लगाए जाएं। समुचित लाईट प्रबंधन के अतिरिक्त आधुनिकतम टेक्निकल सॉल्यूशन अपना कर सुरक्षात्मक कदम उठाएं। बैंक प्रबंधक सभी सुरक्षा गार्डो को चेतावनी दें कि दिन के समय भी अगर बैंक के अंदर अथवा बाहर किसी संदिग्ध व्यक्ति की उपस्थिति होने पर तुरंत पुलिस को सुचित करें7

## खबर संक्षेप

### हमें अपनी पुरातन संस्कृति से जुड़ना होगा

**सफीदों।** नगर की गुरुद्वारा गली स्थित श्री शिव शक्ति कृपा मन्दिर एवं हरि संकीर्तन भवन में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए वेदाचार्य दण्डीस्वामी डा. निगमबोध तीर्थ महाराज ने कहा कि अगर मनुष्य को अपनी आने वाली पीढ़ियों को लायक बनाना है तो उसे अपनी पुरातन संस्कृति से जुड़ना होगा।

### हिंदू कन्या महाविद्यालय में एनएसएस शिविर

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ करवाया गया। इस शिविर का आयोजन 26 मार्च से एक अप्रैल तक करवाया जाएगा। इस शिविर का मुख्य विषय मेरा भारत विकसित भारत के तहत थीम राष्ट्रीय स्वयंसेवकों का आत्मनिर्भर भारत में योगदान रहेगा।

### शिविर में 60 युवाओं ने किया रक्तदान

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के करसोला गांव में चंद्रशेखर आजाद युवा क्लब द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें युवाओं ने बढ़चढ़ हिस्सा लिया। शिविर में 60 युवाओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में कांग्रेस नेता रोहित दलाल ने शिरकत की। रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए रोहित दलाल ने कहा कि रक्तदान करना पुण्य का काम है।

### हत्या मामले में नाबालिग सहित 2 पकड़े

**कैथल।** गांव बालू में प्लाट विवाद को लेकर हत्या मामले में थाना कलायत पुलिस द्वारा नाबालिग को पकडने के अतिरिक्त एक अन्य आरोपी को काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बालू निवासी पूजा की शिकायत अनुसार उसके पति अमित का उसके जेठ राजू के साथ प्लाट के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है।

### सबमर्सिबल ट्यूबवेलों से तांबे की केबल चोरी, केस

**अलेवा।** अलेवा गांव के कई किसानों के खेतों में लगाए सबमर्सिबल ट्यूबवैलों से चोर तांबे की केबल काट कर चोरी कर ले गए है। पुलिस को दी शिकायत में अलेवा निवासी किसान सतबीर सिंह ने बताया कि परिवार के लोग 23 मार्च शनिवार शाम को खेत से कार्य आदि निपटाने के बाद टयूबवैल बंद कर घर आ गए थे। देखा कि सबमर्सिबल ट्यूबवैल से तांबे की केबल गायब मिली।

### बाइक चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** दुपहिया वाहन चोरो पर एसपी उपासना के निदेर्शानुसार शिकंजा कसते हुए थाना चीका पुलिस के एचसी राजेश कुमार की टीम द्वारा बलबेहड़ा निवासी आरोपी नरेश कुमार को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बलबेहड़ा निवासी बलवान सिंह की शिकायत अनुसार 8 दिसंबर 2023 को उसके खेत से उसकी बाइक अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गया था। जिस बारे थाना चीका में मामला दर्ज किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा बाइक बरामद कर ली गई।

## डीजे की थाप पर जमकर थिरके युवा, देवर भाभियों के बीच कोरड़े बरसने के नजारे दिखे

# धूमधाम से मना दुल्हंडी पर्व, जमकर चले रंग

होली के पर्व पर दिनभर लोगों ने एक दूसरे को रंग-गुलाल-अबीर डाल कर सराबोर कर दिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। होली पर्व पर कोरड़े मारती हुई महिला। फोटो : हरिभूमि



जींद। होली खेलते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

गुलाल के बहाने प्यार को बढ़ावा देने वाला तथा अधर्म पर धर्म की जीत का दुलेहंडी पर्व सोमवार को जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया। फॉग पर्व पर मारपीट की छुटमुट घटनाओं को छोड़ दिया जाए तो त्योहार शांतिपूर्ण रहा व दो दर्जन से अधिक लोग घायल हुए वहीं सड़कों पर फर्राटा भरते हुए सड़क हादसों में भी एक दर्जन से ज्यादा घायल हुए। हालांकि शांतिपूर्वक तरीके से मने, इसके लिए पुलिस पीसीआर शहर के साथ-साथ क्षेत्रभर में गश्त करती नजर आई। दिनभर लोग एक दूसरे पर रंग-गुलाल-अबीर डाल कर मस्ती में डूबे रहे। भाभियों ने भी देवरों पर जमकर कोरड़े बरसाए। वहीं, देवरों ने भाभियों पर जम कर पानी तथा गुलाल उड़ेला। सोमवार को दुलेहंडी के समय जगह-जगह देवर भाभियों के बीच कोरड़े बरसने के नजारे देखने को मिले। जहां कोरड़ों के डर से देवर छिपते घूम रहे थे तो भाभियां उन्हें तलाश रही थी। वहीं, लोग टोलियां बना कर एक दूसरे के ऊपर रंग गुलाल डाल कर होली की शुभकामनाएं दे रहे थे। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया वैसे-वैसे मौसम सुहावना होता गया जिसका लोगों ने जमकर आनंद उठाया। युवकों की टोलियां एक स्थान से दूसरे स्थान घूम-घूम कर फाग खेलती रही यह क्रम देर शाम तक जारी रहा। अर्बन एस्टेट, पटियाला चौंक, गांधी नगर में सुबह से ही लोगों ने डीजे लगा दिए थे। जिन पर सारा दिन लोग फिल्मी धुनों पर थिरक कर इस त्यौहार का मजा लेते देखे गए। कुछ लोगों ने मंदिरों में जाकर शिव भगवान की पूजा-अर्चना की। शहरी इलाके में यह पर्व जहां हषार्ेल्लास के साथ मना, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस पर्व कालोगों ने जम कर लुत्फ उठाया। शहरों में जहां लोग एक दूसरे को रंग तथा गुलाल लगा रहे थे, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में गुलाल का कम प्रयोग गली के कीचड़ का प्रयोग ज्यादा हो रहा था। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने कहा कि यह पर्व प्राचीन काल से मनाया जाता रहा है। बताते हैं कि इस दिन से एक दिन पहले यानी होली के दिन भगवान विष्णु ने धरती पर आकर जनता के ऊपर अपराध करने वाले तथा अपने आप को भगवान बताने वाले दुष्ट राजा हिरण्याकश्यप को मौत के हवाले किया था। शहरभर में जगह-जगह सुबह से ही लोगों ने बड़े स्पीकर व डीजे लगा कर जमकर थिरके।



### होली का हंगामा, उड़ता है लाल-गुलाल

**जींद।** महिला काव्य मंच जींद ईकाई द्वारा काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। महिला काव्य मंच की मासिक गोष्ठी अध्यक्ष अनीता शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। काव्य गोष्ठी का विषय होली रहा। इस दौरान सभी उपस्थित सदस्यों ने विभिन्न कविताओं व गीतों द्वारा अपनी-अपनी प्रस्तुतियां देकर सबको भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष अनीता शर्मा द्वारा किया गया। गोष्ठी का संचालन जींद ईकाई की सचिव रेखा गुप्ता ने किया। अनीता शर्मा ने केशर की, कलि की पिचकारी पात-पात की गात संवारी, रेखा ने ने होली का है हंगामा, उड़ता है लाल-गुलाल, आशा ने तुम अपने रंग में रंग लो तो होली है, अनुबाला ने फूलों ने होली फूलों से खेली, संजू ने बरसते हो तारों के फूल, छिपे तुम नील पटी में कौन, प्रियंका ने रंगो का त्यौहार है होली, खुशियों की बौछार है होली। मीनाक्षी ने आई होली आई होली, रंग लगाओ ख़ुशी बनाओ आई होली, सुदेश ने होली आती, याद दिलाती पिछली कितनी होली, ट्विंकल ने देखो-देखो होली है आई, मौसम ने ली है अंगड़ाई, पूनम ने तुम अपने रंग में रंग लो, तो होली है, ममता ने आज तुमको रंग लगाना है।

### होली पर्व के बाद अस्पताल में उमड़ी मरीजों की भीड़

**जींद।** रंगों के त्योहार होली पर्व पर छुट्टी के बाद मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल जैसे ही खुला तो मरीजों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पर्ची काउंटर, ओपीडी, एक्सरे-ए, इमरजेंसी तक तक मरीजों और तीमारदारों के बीच धक्का-मुक्की होती रही। अस्पताल का कोई ऐसा कोना नहीं था जहां मरीजों व उनके तिमारदारों की भीड़ न हो। सबसे ज्यादा भीड़ ओपीडी काउंटर पर रही और लगभग साढ़े 12 बजे तक लोग यहां लंबी लाइनों में लगे रहे। मरीजों की भीड़ को देखते हुए अस्पताल प्रशासन द्वारा भी कोई पुख्ता प्रबंध नहीं किए गए थे जिसके चलते उपचार के लिए आए मरीज अस्पताल प्रशासन को कोसते हुए नजर आए। पहले मरीज ओपीडी पर्ची के लिए लाइन में लगे। फिर चिकित्सकों के कमरे के बाहर धक्का-मुक्की हुई। जिन्हें टैस्ट लिखे गए तो वो लैब में लाइनों में लगे और जिन्हें दवा लिखी गई उन्हें दवा खिड़की पर परेशानी उठानी पड़ी। होली के बाद मंगलवार को अस्पताल में आम दिनों की तरह ही स्वास्थ्यकर्मी व स्टाफ काम के लिए पहुंचे लेकिन जिला अस्पताल में ओपीडी पर्चाी बनाने से लेकर डाक्टरों के चैंबरों के बाहर मरीजों की लंबी कतार दिखी। भीड़ इस कदर थी कि ओपीडी का समय खत्म होने के बावजूद डाक्टर मरीज को देखते रहे।



### शांतिधर्मी परिसर में मनाया गया होली महोत्सव



**जींद।** नरवाना मार्ग स्थित शांतिधर्मी परिसर में सांस्कृतिक पर्व होली वैदिक रीति-रिवाज से मनाया गया। इस अवसर पर नव सस्येष्टि यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें शुद्ध घी और औषधि सामग्री की आहुतियां दी गई। यज्ञ ब्रह्मा के रूप में श्री योगेश्वर मुनि उपस्थित हुए तथा वेद मंत्रों का पाठ पंडित राजेंद्र शास्त्री व सहदेव शास्त्री ने किया। श्री योगेश्वर मुनि ने आध्यात्मिक प्रवचन किया। शांतिधर्मी परिवार से कुमारी प्रतिभाए प्रतिष्ठा व आस्था ने होली के संबंध में मधुर भजन प्रस्तुत किए। शांतिधर्मी के सहदेव समर्पित ने अपने संबोधन में बताया कि यह होली पर्व भारतवर्ष में प्राचीन काल से ही मनाया जाता है। हमारे इतिहास में इसका नाम वासंती नवसस्येष्टि पर्व है। नई फसल के आगमन पर सामूहिक यज्ञ करके उसकी आहुतियां दी जाती हैं और फिर उसका सबको बांट कर उपयोग किया जाता है।

# होली पर जमकर उड़ा गुलाल

- राजौंद व आसपास के गांवों में रंगों का त्योहार होली धूमधाम के साथ मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



राजौंद। होली मनाते हुए युवा, गुलाल लगाने के बाद सेल्फी लेते हुए युवा।

नगर व आसपास के गांवों में रंगों का त्योहार होली धूमधाम के साथ मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी, वहीं छोटे-छोटे बच्चों ने पिचकारियों में रंग भरकर टोलियां बनाकर एक दूसरे पर रंग डालकर खूब आनंद उठाया। जहां प्राचीन काल से सभी पर्व देश की एकता व अखंडता के लिए अपनी अहमियत को सार्थक सिद्ध करते आ रहे हैं, वहीं रंगों का त्यौहार होली आज भी समाज में आपसी भाईचारा व प्रेम भावना को बढ़ाने में काफी हद तक सहायक सिद्ध हो रहा है। शहरों में जहां होली का त्यौहार हबीब व रंग गुलाल तक सिमटकर रह गया है, वहीं गांवों में भी पहले की भांति त्यौहार की गरिमा तो नहीं रही, परंतु ग्रामीण क्षेत्र में आज भी देवर भाभी के प्यार का प्रतीक होली का त्यौहार प्राचीन परम्परा के अनुसार मनाया जाता है, जिससे सभी अपने मन मुटाव व वैर भाव की भावना भूलकर होली के रंगों में रंग जाते हैं। ग्रामीण आंचल में कोरड़े व पुरुषों द्वारा पानी से किया जाता है।

### लायंस क्लब ने धूमधाम से मनाया होली उत्सव

**उचाना।** लायंस क्लब उचाना द्वारा रजबाहा रोड पर होली उत्सव का आयोजन किया गया। एक-दूसरे को पर्व की बधाई देने के साथ-साथ लायंस क्लब द्वारा करवाए गए कामों की जानकारी दी गई। रिजन चेयरमैन वीरेंद्र प्रधान ने कहा कि लायंस क्लब निरंतर समाज सेवा के काम करता है। पौधरोपण, जल बचाओ, रक्तदान शिविर का आयोजन करने के साथ अन्य सामाजिक कार्य करता है। इस मौके पर राकेश खटकड़, उदयवीर घसो, रमेश गर्ग प्रधान, संदीप सचिव, रामदत्त शर्मा, सतपाल गर्ग, लाभ सिंह काब्रच्छा, जोगिंद्र श्योकंद, वेदप्रकाश, पप्पू दनौदा, जितेंद्र श्योकंद, अमित कापड़ो, जोरा सिंह, संजय बंसल, आनंद, अनिल अलेवा मौजूद रहे।

# सैकड़ों लोगों ने फूलों की होली खेली व धार्मिक भजनों पर जमकर थिरके

- अपना मन पूरी तरह से साफ करके जाएं और आपस में मिलजुलकर समाज को आगे बढ़ाने का काम करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



कथावाचक अरविंद शास्त्री महाराज ने व्यक्त करते हुए कहा कि यूं तो भारत देश में अनेकों त्यौहार मनाए जाते हैं और समय समय पर सभी का अपना अपना महत्व है परंतु होली एक ऐसा त्यौहार है, जो समाज में एकता व भाईचारे की भावना को प्रबल करते हुए यह संदेश देता है कि इन्सान को अपने मन में उम्र भर के लिए कटुता नहीं रखनी चाहिए। शास्त्री आज यहां होली के रंग कान्हा के संग होली उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित एक रंगारंग कार्यक्रम के दौरान लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि आज वे यहां से अपना मन पूरी तरह से साफ करके जाएं और आपस में मिलजुलकर समाज को आगे बढ़ाने का काम करें। शास्त्री ने लोगों को होली की मुबारकबाद के साथ साथ लोगों को शुभ आशीर्वाद भी दिया। इस बीच खाटू श्याम पार्क में होली के रंग कान्हा के संग भव्य कार्यक्रम की शुरूआत हवन व यज्ञ के साथ की गई और तदोपरान्त शहर के सैकड़ों लोगों ने मिलकर फूलों की होली खेली और धार्मिक भजनों पर जमकर थिरके।

### कथा में व्यास गिरधारी भैया ने छटें अध्याय का रसपान करवाया

**सीवन।** सीवन के डेरा बाबा नागा जी योगाश्रम में श्री भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह कथा 31 मार्च तक चलेगी। इस कथा में बतौर मुख्य यजमान कृष्ण कुमार गर्ग व सीमा गर्ग ने शिरकत की। कथा में कथा व्यास गिरधारी भैया ने प्रथम 6 अध्याय का रसपान करवाया। भागवत क्या है और इसको सुनना क्यों आवश्यक है इसके बारे में कथा व्यास ने श्रद्धालुओं को बताया। उन्होंने श्रद्धालुओं के अनेक प्रश्नों के उतर भी दिए। उन्होंने कहा कि कल युग में भक्ति सवार्ेपरी है। जब भागवत सुनते हैं तो भक्ति जवान हो जाती है तथा जीव में वैराग्य आ जाता है।

# रिवाड़ जागीर में मजदूर का आशियाना जल कर राख

- घर में गैस का सिलेंडर फट जाने से आग लग गई, भारी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



गुहला-चीका। गैस सिलेंडर फटने से लगी आग को बुझाने की कोशिश करते लोग।

उपमंडल के गांव रिवाड़ जागीर में एक गरीब मजदूर सतपाल सिंह के घर में गैस का सिलेंडर फट जाने से आग लग गई और उक्त व्यक्ति का मकान सहित सब कुछ जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के अनुसार मजदूर का सारा परिवार घर में था और जब घर की महिलाएं रात का भोजन बना रही थी कि अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई और उसमें जोरदार धमाका हुआ। इस बीच मकान के मालिक सतपाल ने बताया कि उनकी किस्मत अच्छी थी कि जिस समय सिलेंडर फटा तो रसोई में कोई महिला नहीं थी वरना बड़ा हादसा हो सकता था। सतपाल सिंह ने बताया कि जैसे ही गैस सिलेंडर फटा तो उससे उठी आग ने उसके कच्चे घर को अपनी चपेट में ले लिया और घर में रखा सारा सामान धू धू करके जलने लगा। उसने बताया कि धमाके की आवाज सुनकर आसपास के दर्जनों लोग मौके पर पहुंच गए और उन्होंने सबसे पहले आग की चपेट में आए उसके घर के सभी सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाला और फिर आग पर काबू पाने का प्रयास किया और कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। मजदूर सतपाल ने बताया कि उसका परिवार पहले से ही बेहद गरीबी में अपना जीवन यापन कर रहा था और उनके पास जो कच्चा मकान व सामान था, वह पूरी तरह आग की भेंट चढ़ गया और अब उनका परिवार सडक पर आ गया है। सतपाल ने प्रशासन व समाजसेवी संस्थाओं से गुहार लगाते हुए कहा कि उसकी जल्द व ज्यादा से ज्यादा मदद की जाए ताकि वह अपने परिवार का पालन पोषण कर सके। इस बीच शहर की कुछ समाजसेवी संस्थाओं ने दानी सज्जनों को सोशल मीडिया पर अपील की है कि वे उक्त गरीब मजदूर की ज्यादा से ज्यादा सहायता करें। इस बीच मौके पर पुलिस भी आ गई और बनती कानूनी कार्रवाई की।



### प्रदेश की जनता भाजपा शासन से जल्द से जल्द छुटकारा पाने का पूरा मन बना चुकी: सुनील

**राजौंद।** गांव रोहेड़ा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए सुनील कुंडू रोहेड़ा ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा शासन से जल्द से जल्द छुटकारा पाने का पूरा मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कांग्रेस को जिस तरह लोगों का समर्थन मिल रहा है। इससे यह साफ है कि आने वाले लोकसभा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा की आज लोग कांग्रेस की नीतियों की सराहना कर रहे हैं। जिससे साफ है कि देश व प्रदेश की जनता कांग्रेस को फिर से सत्ता सौंपने का मन बना चुकी हैं। कुंडू ने कहा कि अब जबकी चुनाव प्रक्रिया शुरू हो चुकी है ऐसे वक्त में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते सीज करना लोकतंत्र को कमजोर करने का ताजा उदाहरण है। इसकी कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा और उसकी केंद्र सरकार लोकतंत्र को कुचलना की हर संभव कोशिश में जुट गई है। विपक्ष का दमन करना ही उसका एकमात्र उद्देश्य है तानाशाही पर उतारू हो चुकी है।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी और कुरुक्षेत्र में पुलिस की बर्बरता के खिलाफ आप का प्रदर्शन

- शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्ण कार्रवाई लोकतंत्र के खिलाफ, बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष वजीर सिंह की अध्यक्षता में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और कुरुक्षेत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर पुलिस की बर्बरता के खिलाफ नारेबाजी की। जिला प्रवक्ता डा. गणेश कौशिक ने बताया कि बीजेपी की तानाशाही का खात्मा आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल करेंगे। जिला प्रधान वजीर सिंह ढांडा ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा चुनाव से ठीक पहले अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करना भाजपा की तानाशाही है और भाजपा देश को तानाशाही शासन की ओर ले जा रही है। भाजपा अरविंद केजरीवाल से डरी हुई है। भाजपा की अरविंद केजरीवाल पर कार्रवाई केवल राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने कहा पूरा हिंदुस्तान देख रहा है कि भाजपा देश में किस प्रकार लोकतंत्र का हनन कर रही है। भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते अपराध पर बात न करके जनता का ध्यान भटकाना चाहती है लेकिन अब प्रदेश और देश की जनता भाजपा की मंशा समझ चुकी है। जनता लोकसभा चुनाव में देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए वोट करेगी।

## लोस चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली अफसरों की बैठक

# सभी नोडल अधिकारी जिम्मेदारी से करें ड्यूटी का निर्वहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। डीसी प्रशांत पंवार अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि चुनाव ड्यूटी में लगे सभी नोडल अधिकारी चुनाव आयोग की हिदायतों की पालना करते हुए अपनी ड्यूटी का निर्वहन ईमानदारी एवं जिम्मेदारी से करें। जिन अधिकारियों को चुनावी प्रक्रिया सम्पन्न करने में अलग-अलग दायित्व सौंपे गए हैं, वे उसके अनुरूप समय रहते सारी तैयारी पूरी करें। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार लघु सचिवालय स्थित सभागार में नोडल अधिकारियों बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि उप जिला निर्वाचन अधिकारी कम नगराधीश एवं जिला कोषाधिकारी को मैन पावर मैनेजमेंट का नोडल अधिकारी बनाया गया है। चुनाव संबंधी प्रशिक्षण को लेकर डीएमसी कैथल व ईओ, मटेरियल मैनेजमेंट के लिए तहसीलदार कैथल, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट के लिए आरटीए, कम्प्यूटराइजेशन एवं साइबर सिक्योरिटी को लेकर डीडीपीओ कैथल एवं पुलिस विभाग के एएसआई को लगाया गया है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार स्वीप अभियान की जिम्मेदारी एडीसी को सौंपी गई है। सभी विधानसभाओं के एआरओ स्वीप की गतिविधियों में एडीसी की सहायता करेंगे। जिला में कानून व्यवस्था के लिए डीएसपी कैथल को नोडल अधिकारी बनाया गया है। ईवीएम की देखभाल एवं प्रबंधन के लिए एक्सईन एमसी, चुनाव खर्च पर निगरानी रखने के लिए डीईटीसी कैथल, बैलेट पेपर के लिए डीआरओ को नोडल अधिकारी बनाया गया है। मीडिया कम्युनिकेशन के लिए डीआईपीआरओ कैथल, वोटर हेल्पलाइन नम्बर 1950 पर आने वाली शिकायतों का समाधान के लिए डीडीपीओ कैथल, डिप्टी सीईओ जिला परिषद को जिम्मेवारी सौंपी है। बैंक से संबंधित कार्यों के लिए एलडीएम को नोडल अधिकारी बनाया गया है। एडीसी सीजया श्रद्धा, एसडीएम ब्रहम प्रकाश, कृष्ण कुमार एवं सत्यवान सिंह मान, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, डीएमसी सुशील कुमार, सीईओ जिप अश्वनी आदि मौजूद रहे।